



**ऑल-टाइम लो :** फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों के ऐलान से पहले डॉलर के मुकाबले रुपया 18 पैसे लुढ़ककर 78.22 पर आया, सेंसेक्स-निफ्टी भी गिरा

# शेयर बाजार-रुपए में गिरावट जारी, फिर भी सभी एशियाई करेंसीज से बेहतर

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** अमरीकी फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों की घोषणा से पहले बुधवार को रुपए में 18 पैसे की गिरावट आई और यह 78.22 के निचले स्तर पर पहुंच गया। वहीं फेडरल रिजर्व के फैसले को देखते हुए निवेशकों ने बुधवार को सतर्क रुख अपनाया, जिससे सेंसेक्स में 152 अंक की गिरावट आई और यह 52,541 पर बंद हुआ। निफ्टी 40 अंक टूटकर 15,692 पर रहा। पिछले 4 कारोबारी सत्रों में ही निफ्टी में 4.78% और सेंसेक्स में 5% से अधिक की गिरावट आई है।

### यूक्रेन संकट के बाद करेंसी में गिरावट

डॉलर के मुकाबले कीमत

| देश | करेंसी | 24 फरवरी | 15 जून | गिरावट |
|---|---|---|---|---|
| जापान | येन | 115.53 | 134.76 | -14.50% |
| थाईलैंड | बात | 32.56 | 35.00 | -6.90% |
| द. कोरिया | वोन | 1202 | 1291 | -6.90% |
| चीन | रेनमिनबी | 6.33 | 6.71 | -6.02% |
| ताइवान | डॉलर | 28.03 | 29.75 | -5.75% |
| मलेशिया | रिंगिट | 4.21 | 4.42 | -4.80% |
| फिलिपींस | पेसो | 51.35 | 53.30 | -3.65% |
| भारत | रुपया | 75.65 | 78.03 | -3.05% |
| सिंगापुर | डॉलर | 1.36 | 1.39 | -2.53% |



152 अंक गिरा सेंसेक्स, 4 दिन में 5% से अधिक गिरा

रुपए-बाजार में और गिरावट की आशंका

### रुपए में गिरावट का लोगों पर असर

1. आयातित उपकरण, गैजेट्स, टीवी, फ्रिज, मोबाइल और एसी जैसे इलेक्ट्रानिक प्रोडक्ट्स के दाम बढ़ सकते हैं।
2. विदेश यात्रा, विदेशी कॉलेज-यूनिवर्सिटी में अध्ययन जैसी जरूरी सेवाओं का खर्च भी बढ़ जाएगा।
3. विदेश से आने वाली जीवनरक्षक दवाएं और मेडिकल उपकरणों की लागत बढ़ने से इलाज महंगा होगा।
4. आयातित खाद्य तेल भी रुपए में गिरावट से प्रभावित हो सकता है।
5. क्रूड ऑयल आयात करने पर भी अधिक खर्च करना होगा, पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ जाएंगी। माल भाड़ा बढ़ने से महंगाई और डराएगी।

**बाजार** में निगेटिव सेंटिमेंट, कच्चे तेल में तेजी और विदेशी निवेशकों की बिकवाली से रुपए की कीमत पर असर पड़ा है। विशेषज्ञों की कहना है कि ब्याज दरें बढ़ने से रुपया 81 के स्तर तक लुढ़क सकता है। शेयर बाजारों में भी बिकवाली बढ़ेगी।

**सुविधा :** स्टार्टअप ने महानगर गैस से मिलाया हाथ

# मुंबई व अन्य शहरों में जल्द सीएनजी की होम डिलीवरी

02 मोबाइल गैस स्टेशन से शुरुआत, पंपों पर लंबी कतार से निजात



**मुंबई@पत्रिका.** मुंबई में सीएनजी की होम डिलीवरी की तैयारी है। इसके लिए स्टार्टअप द फ्यूल डिलीवरी ने महानगर गैस लिमिटेड से हाथ मिलाया है। करार के तहत कंपनी मोबाइल सीएनजी स्टेशन शुरू करेगी।

इसके लिए दो मोबाइल स्टेशन को मंजूरी मिली है। अगले तीन महीने में दोनों मोबाइल स्टेशन काम करने लगेंगे।

### इन्हें होगा फायदा

**यह** सुविधा सीएनजी से चलने वाले ऑटो रिक्शा, कैब, प्राइवेट व कमर्शियल वाहन, स्कूल बस आदि के लिए मिलेगी। यह स्टार्टअप कंपनी पहले से डीजल की होम डिलीवरी कर रही है। मोबाइल गैस स्टेशन ग्राहकों के घर-घर जाएंगे और उनके वाहनों में सीएनजी भरेंगे।

**रिपोर्ट :** बेरोजगारी दर में आई गिरावट, कंपनियां सितंबर तिमाही में देंगी 8 साल में सबसे अधिक जॉब

# 63% कंपनियां जुलाई-सितंबर में करेंगी हायरिंग, 51% नौकरियां बढ़ने की उम्मीद

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**नई दिल्ली.** भारत में कोरोना के बावजूद बेरोजगारी दर में गिरावट आई। सांख्यिकी मंत्रालय की ओर से जारी पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे के आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2020-21 में देश में बेरोजगारी दर घटकर 4.2% पर आ गई, जो 2019-20 में 4.8% थी। इस बीच मैनपावर ग्रुप इंप्लॉयमेंट आउटलुक सर्वे में दावा किया गया है कि भारतीय कंपनियां जुलाई से सितंबर के बीच जबरदस्त हायरिंग करने की तैयारी में हैं।


देश में जुलाई-सितंबर तिमाही में पिछले 8 वर्षों की तुलना में सबसे ज्यादा रोजगार मिलने की उम्मीद है। सर्वे के अनुसार, सितंबर तिमाही में शुद्ध रोजगार परिदृश्य 51% रह सकता है, जो 2014 के बाद सबसे ज्यादा है। सर्वे के मुताबिक, आर्थिक गतिविधियां बढ़ने से सितंबर तिमाही में 63% कंपनियों को अतिरिक्त मैनपावर की जरूरत होगी, जिससे कंपनियां तेजी से भर्ती करेंगी। हालांकि, इस दौरान 12% कंपनियां कर्मचारियों की छंटनी कर सकती हैं।

### एशिया-प्रशांत में भारत सबसे बेहतर

देश जिनमें जॉब्स बढ़ने की उम्मीद

| देश | |
|---|---|
| भारत | 51% |
| सिंगापुर | 40% |
| ऑस्ट्रेलिया | 38% |
| हॉन्गकॉन्ग | 11% |
| जापान | 04% |
| ताइवान | 03% |

46% की बढ़ोतरी होने की उम्मीद नौकरियों में वर्ष 2021-22 सितंबर तिमाही की तुलना में



#### इनमें नौकरियां बढ़ने की उम्मीद

| | |
|---|---|
| आइटी-टेक | 72% |
| बैंकिंग-फाइनेंस | 60% |
| बीमा व रियल एस्टेट | 60% |
| अन्य सेवाएं | 52% |
| रेस्तरां-होटल | 48% |
| मैन्युफैक्चरिंग | 48% |

#### नौकरी परिदृश्य

63% हायरिंग → 12% छंटनी → 25% कोई बदलाव नहीं

13% अधिक नौकरियों की संभावना सितंबर तिमाही में जून तिमाही के मुकाबले

#### आइटी में सबसे अधिक नौकरियां

डिजिटाइटेशन, ऑटोमेशन और टेक प्रोपेशनल्स की डिमांड बढ़ रही हैं। इस वजह से सबसे ज्यादा मांग डिजिटल में आनेवाली है। आइटी और टेक में सबसे अच्छा जॉब सेंटिमेंट है।

#### देश के जॉब सेंटिमेंट में आया सुधार

बढ़ती महंगाई और वैश्विक स्तर पर बढ़ रही अस्थिरता के बाद भी देश के कई सेक्टर में रिकवरी प्रक्रिया में तेजी आ रही है। मैनपावर ग्रुप के सर्वे में 3,000 कंपनियां शामिल थीं। रिपोर्ट के मुताबिक सितंबर तिमाही में भर्ती सेंटिमेंट में पिछले साल के मुकाबले 46% सुधार देखा गया।

# म्यूचुअल फंड्स में निवेशकों को मिलेगा नॉमिनी का विकल्प

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**मुंबई.** म्यूचुअल फंड स्कीम्स में निवेश करने वालों के लिए बड़ी खबर है। 01 अगस्त से म्यूचुअल फंड के निवेशकों को 'नॉमिनी' का नाम देने या उससे बाहर निकलने का विकल्प मिलेगा।

बाजार नियामक सेबी ने एक सर्कुलर जारी कर यह जानकारी दी है। पिछले साल सेबी ने नए कारोबारी व डीमैट खाता खोलने वालों के लिए भी ऐसा ही विकल्प दिया था। सेबी ने संपत्ति प्रबंधन कंपनियों (एएमसी) को म्यूचुअल फंड में निवेश करने वाले सभी व्यक्तिगत यूनिटधारकों को नॉमिनी चुनने या इस सुविधा से बाहर होने का विकल्प देने को लेकर 31 मार्च, 2023 तक का समय दिया।

## महंगाई और रेट हाइक के दौर में एग्री कमोडिटी और बुलियन बेहतर विकल्प

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** महंगाई, इंटरेस्ट रेट हाइक, भू-राजनीतिक संकट, क्रूड ऑयल की ऊंची कीमतें, सप्लाई चेन में रुकावट, बॉन्ड यील्ड में तेजी और रुपए में कमजोरी के कारण शेयर बाजार में गिरावट का दौर जारी है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि इक्विटी बाजार के लिए जो भी निगेटिव फैक्टर हैं, वे जल्द खत्म होते नहीं दिख रहे हैं। ऐसे में नियर टर्म में बाजार में करेक्शन दिखेगा। विशेषज्ञों के मुताबिक, इक्विटी में हुए नुकसान की कुछ दर तक भरपाई कमोडिटी मार्केट मे निवेश से की जा सकती है। इक्विटी के साथ बॉन्ड मार्केट में रिस्क बना हुआ है। ऐसे में सुरक्षित निवेश के सोना-चांदी की डिमांड बढ़ सकती है।

### इन वजहों से कमोडिटी को सपोर्ट

**केडिया** कमोडिटी के डायरेक्टर अजय केडिया ने कहा, आने वाले दिनों में बुलियन व एग्री कमोडिटी का आउटलुक मजबूत है। महामारी के बाद डिमांड में तेजी, जियो पॉलिटिकल टेंशन, मौसम की प्रतिकूल प्रभाव, महंगाई के साथ लॉजिस्टिक सर्विसेज में दिक्कतें, प्रोडक्शन घटने और सप्लाई प्रभावित होने से कमोडिटी की कीमतों को सपोर्ट मिलाहै। अभी कमोजिटीज की सप्लाई से ज्यादा डिमांड है।

### गेहूं-कॉटन-जौ में और तेजी की उम्मीद

**यूक्रेन** कई एग्री कमोडिटीज का प्रमुख उत्पादक देश है। जंग के कारण इस सीजन वहां फसलों की बुवाई-रोपाई 50% से ज्यादा गिरी है, जिससे प्रोडक्शन सालान बेसिस पर घटकर आधा रह जाएगा। इसका असर 6 महीने बाद एग्री कमोडिटीज की कीमतों पर दिखेगा।

# अंबानी से 6.5 गुना तेजी से पैसे कमा रहे गौतम अडानी

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**मुंबई.** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी को संपत्ति के मामले में पीछे छोड़ने में गौतम अडानी ऐसे ही नहीं कामयाब हुआ है। अंबानी की तुलना में अडानी की संपत्ति 6.5 गुना से भी अधिक तेजी से बढ़ी है। शेयर बाजार में छह महीने यानी नवंबर से लेकर अप्रेल 2022 के दौरान अडानी ग्रुप की कंपनियों को सबसे अधिक लाभ हुआ है।

अडानी ग्रुप की कंपनियों का मूल्यांकन 88.1% उछलकर 17.6 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इसकी तुलना में मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 13.4% बढ़कर 18.87 लाख करोड़ रहा।

## गुड हेयर के एक लाख से भी ज्यादा कस्टमर

**जोधपुर@पत्रिका.** गुड हेयर के आयुर्वेदिक तेल, शैम्पू व कंडीश्नर के राजस्थान में एक लाख से ज्यादा रेग्युलर यूज करने वाले हैप्पी कस्टमर बन गए हैं। गुड हेयर के प्रोडक्ट को राजस्थान के बाहर अन्य राज्यों महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, आंध्र प्रदेश सहित दक्षिणी राज्यों में भी ग्राहकों का ऑनलाइन में अच्छा रेस्पॉन्स मिल रहा है। गुड हेयर के सभी प्रोडक्ट नेचुरल व केमिकल फ्री है।


## कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक, नागौर

क्रमांकः आईजीआरवाई/2022-23/2576 दिनांक 15.6.2022

### संशोधित विज्ञप्ति

मुख्यमंत्री बजट घोषणा वर्ष 2022-23 के अन्तर्गत लागू इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गारन्टी योजना (IRGY-URBAN) के प्रभावी क्रियान्वयन एवं प्रबंधन हेतु जिले की नगर परिषद्/ नगर पालिकाओं में कार्मिक विभाग की अधिसूचना संख्या एफ 17 (4) डीओपी/ए-2/2014 दिनांक 11.01.2022 के अनुसार पदों के लिए संविदा पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते है। (आरक्षण प्रावधान अनुसार देय होगा)

| क्रं. सं. | निकाय का नाम | पद का नाम एवं शैक्षणिक योग्यता | मानदेय (प्रति माह) | पदों की संख्या | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1. नगर परिषद्, नागौर<br>2. नगर परिषद्, मकराना<br>3. नगर परिषद्, कुचामनसिटी<br>4. नगर पालिका, मूण्डवा | वरिष्ठ तकनीकी सहायक | 40000 | 14 | सिविल अभियांत्रिकी में स्नातकोत्तर/ स्नातक डिग्री एवं कम्प्यूटर की बेसिक नॉलेज |
| 2 | 5. नगर पालिका, कुचेरा<br>6. नगर पालिका, मेड़तासिटी | कनिष्ठ तकनीकी सहायक | 30000 | 31 | सिविल अभियांत्रिकी में डिग्री/डिप्लोमा |
| 3 | 7. नगर पालिका, डेगाना<br>8. नगर पालिका, परबतसर<br>9. नगर पालिका, डीडवाना | लेखा सहायक | 25000 | 17 | बी.कॉम/ सी.ए. इन्टरमीडियेट (आई.पी.सी.) (ICWA) (इन्टर)/कम्पनी सैक्रेटरी (इन्टर) |
| 4 | 10. नगर पालिका, लाडनूं | MIS मैनेजर | 25000 | 17 | BCA |
| 5 | 11. नगर पालिका, नावां<br>12. नगर पालिका, जायल | शहरी रोजगार सहायक | 15000 | 36 | स्नातक+ RSCIT कोर्स उत्तीर्ण |
| 6 | 13. नगर पालिका, बोरावड़<br>14. नगर पालिका, बासनी | मशीन विथ मैन | 10000 | 31 | सीनियर सैकण्डरी + RSCIT कोर्स उत्तीर्ण |

अभ्यर्थी अपना आवेदन मय प्रमाणित शैक्षणिक/ अनुभव/ जाति प्रमाण-पत्रों के दस्तावेज सहित आवेदन पूर्व में दिनांक 20.06.2022 तक जमा करवाना निर्धारित थी जिसे अब दिनांक 22.06.2022 तक कार्यालय समय में कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक नागौर में व्यक्तिशः जमा करवा सकते है। विज्ञप्ति से सम्बन्धित अन्य सूचनाएं/ निर्देश जिला की वेबसाइट **https://nagaur.rajasthan.gov.in** पर प्राप्त की जा सकती है। इस सम्बन्ध में आवश्यक दस्तावेज की स्व. प्रमाणित प्रतियां संलग्न की जावे।

**जिला कलक्टर**
**एवं जिला परियोजना समन्वयक, नागौर**

## राजस्थान सरकार
## कृषि आयुक्तालय, पंत कृषि भवन, जयपुर

**दूरभाष नं. 0141-2227677, ईमेल-jdagr.atc.agri@rajasthan.gov.in**

क्रमांकः एफ 8(5)/एटीसी/कृ.पु./राज्य योजना/2022-23/608 दिनांकः 15.6.2022

### विज्ञप्ति

राज्य योजनान्तर्गत वर्ष 2022-23 में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए राज्य स्तर पर जैविक खेती के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 3 कृषकों को अवार्ड / पुरस्कार देने के लिए पात्र कृषकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। गत पांच वर्षों से जैविक खेती पद्धति से कृषि/ उद्यानिकी फसलें लेने वाले कृषक पात्र होंगे। आवेदन प्रपत्र, दिशा-निर्देश, पात्रता आदि विभागीय वेबसाइट www.krishi.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है अथवा संबंधित जिले के कार्यालय उपनिदेशक कृषि (वि.) जिला परिषद से भी निःशुल्क प्राप्त कर सकते है। कृषक आवेदन प्रपत्र की पूर्ति कर संबंधित जिले के कार्यालय उपनिदेशक कृषि (वि.) जिला परिषद में दिनांक 30 सितम्बर 2022 तक व्यक्तिशः अथवा डाक द्वारा जमा करा सकते है। जिला कलक्टर की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा जिले में से एक कृषक का चयन कर कृषि आयुक्तालय को भिजवाया जायेगा। जिलों से प्राप्त आवेदनों में से पुरस्कार हेतु कृषकों का चयन राज्य स्तरीय समिति द्वारा किया जाकर चयनित 03 कृषकों को एक-एक लाख रूपये पुरस्कार राशि प्रदान की जावेगी।

(काना राम)
आयुक्त कृषि

DIPR/C/8269/2022

## NAVODAYA VIDYALAYA SAMITI

**(An autonomous organisation of Ministry of Education, Govt. of India)**
**Regional Office Jaipur**
**Sector-5, Near Metro Mass Hospital, Behind HCG Hospital, Shipra Path, Shanti Nagar, Mansarovar, Jaipur- 302020**

**Engagement of Counsellors on contract basis for the session 2022-23**

Navodaya Vidyalaya Samiti intends to engage Counsellors on contract basis in Jawahar Navodaya Vidyalayas residential co-educational schools having classes VI To XII. Online applications are invited from the eligible candidates for contract engagement for the academic session 2022-23. For detailed notification please visit NVS RO Jaipur website : **https://navodaya.gov.in/nvs/ro/Jaipur/en/home**

**Remuneration -**
Monthly consolidated remuneration of Rs. 44,900/-

**Essential Qualification**

(a) Educational Qualification –
1. Master's Degree (M.A/M.Sc.) in Psychology from a recognized university or institution.
and
2. One year Diploma in Guidance & Counseling from a recognized university or institution

(b) Experience
At least one year experience in Guidance & Counselling/ Counselling in educational institutes of central or State or UT Government /Autonomous Bodies of Central or State Government/ Public Sector Undertaking.

**Age :**
Above 28 years and below 50 years as on 1st June 2022.
Application Fee: Non refundable application Fee @ Rs. 500/- per candidate will be charged. However, SC / ST and PH candidates are exempted.

**Last date for online application–**
Online applications may be submitted by visiting the website of NVS Regional Office, Jaipur **https://navodaya.gov.in/nvs/ro/Jaipur/en/home** from 16th June 2022 to 25th June 2022.NVS may reject candidature if it is found that candidate has applied for more than one Regions, even after engagement.

**Note: Only shortlisted candidates will be called for Personal Talk.**

**उपायुक्त /Dy. Commissioner**
**नवोदय विद्यालय समिति/**
**Navodaya Vidyalaya Samiti**
**क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर**
**Regional Office, Jaipur**

## राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

**सर्वपल्ली डॉ0 राधाकृष्णन शिक्षा संकुल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर**
**फोन: 0141-2700366, E-Mail :- rajssa_acctt@yahoo.co.in**

क्रमांकः RCScE/ICT/Digital Library/2022-23/2583 दिनांक : 13.06.2022

**बोली आमंत्रण सूचना 10/2022-23**

इच्छुक बोलीदाताओं द्वारा Supply and Installation of Digital Library with Content enabled Tablets with one Year Comprehensive Warranty हेतु दिनांक 29.06.2022 को समय 6:00 P.M. तक ई-बोली आमंत्रित की जाती है। बोली के अन्य विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in तथा विभागीय पोर्टल www.rajsmsa.nic.in पर देखे जा सकते है।

UBN: RSE2223GLOB00368
Est.cost :15.68 Crore
राज.संवाद/सी/22/3507

राज्य परियोजना निदेशक

## राजस्थान-सरकार
## ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग
## सामाजिक लेखा परीक्षा जवाबदेही एवं पारदर्शिता सोसायटी (SSAAT)

(E-mail :DIR.SOCIALAUDIT@RAJASTHAN.GOV.IN, Tel. 2227033, 2227725)

क्रमांक एफ 61 (188) SSAAT/ लोकपाल अपीलेट ऑथोरिटी /2022/8362 दिनांकः 15/06/2022

### विज्ञप्ति

**लोकपाल अपीलेट अथोरिटी सदस्य हेतु आवेदन पत्र आमंत्रण**

ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देश दिनांक 23.12.2021 के अन्तर्गत महात्मा गांधी नरेगा योजना के क्रियान्वयन से संबंधित शिकायतों के निस्तारण हेतु लोकपाल नियुक्ति किये गये हैं। लोकपाल द्वारा पारित अवार्ड के विरूद्ध अपील की सुनवाई हेतु तीन सदस्यों युक्त लोकपाल अपीलेट अथोरिटी का गठन किये जाने का प्रावधान है। राज्य स्तरीय लोकपाल अपीलेट अथोरिटी में तीन सदस्यों की नियुक्ति हेतु पात्र एवं योग्य अभ्यार्थियों से दिनांक 20.07.2022 तक सायंकालीन 6:00 बजे तक आवेदन पत्र रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट से आमंत्रित किये जाते हैं।

**विभागीय पताः-** **सामाजिक लेखा परीक्षा जवाबदेही एवं पारदर्शिता सोसायटी, जयपुर, कमरा नः 8320 उत्तर पश्चिम भवन, शासन सचिवालय जयपुर।**

**अपीलेट अथोरिटी सदस्य हेतु आवेदन की शर्तें**

1. आवेदनकर्ता प्रतिष्ठित, निष्ठावान, विवाद रहित, अखण्ड सत्यनिष्ठा एवं गैर राजनैतिक पृष्ठभूमि का व्यक्ति हो तथा जिसे सामाजिक संगठन में कार्य का कम से कम 30 वर्ष का अनुभव होना वांछनीय है। आवेदक की आयु दिनांक 01.07.2022 को 66 वर्ष से कम होनी चाहिए।
2. आवेदनकर्ता शारीरिक रूप से स्वस्थ एवं समर्थ हो ताकि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में निरीक्षण व भ्रमण कर सकें।
3. नियुक्ति अधिकतम 2 वर्ष या 68 वर्ष की आयु जो भी पहले हो, तक के लिये होगी, जो कार्य मूल्यांकन के आधार पर 1-1 वर्ष के लिये दो बार बढ़ायी जा सकेगी परन्तु 68 वर्ष की अधिआयु पर नहीं बढ़ायी जायेगी
4. पैनल राज्य स्तरीय चयन समिति द्वारा अनुसंशित किया जावेगा तथा नियुक्त व्यक्ति को नियमानुसार मानदेय देय होगा।
5. महात्मा गांधी नरेगा में लोकपाल के रूप में एक वर्ष पूर्ण करने वाले आवेदक को प्राथमिकता प्रदान की जावेगी।
6. आवेदन पत्र का प्रारूप एवं अन्य जानकारी के लिये विभागीय वेबसाइट www.rdprd.gov.in एवं www.nrega.raj.nic.in पर देखे।

(संदीप चौहान)
निदेशक, SSAAT

DIPR/C/8268/2022

## मंगलम सीमेंट लिमिटेड

पी. ओ. आदित्यनगर-326520, मोरक, जिला-कोटा (राज.)
टेलिः 07459-233127, फैक्सः 07459-232156
ईमेलः shares@mangalamcement.com, वैबसाईटः www.mangalamcement.com
CIN: L26943RJ1976PLC001705

### शेयरधारकों को सूचना

**विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि (IEPF) अकाऊन्ट को इक्विटी शेयर्स के हस्तांतरण के लिए**

यह सूचना कम्पनीज अधिनियम 2013 (''अधिनियम'') की धारा 124 के प्रावधानों तथा विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि (IEPF) प्राधिकरण (लेखा, संपरिक्षा, अंतरण और प्रतिदाय) नियम 2016 (जो कि समय-समय पर संशोधित किये गये है) तथा अधिनियम के अन्य सभी लागू प्रावधानों के अनुसरण में प्रकाशित की जाती है।

कथित नियमों या नियम के प्रावधानों के अनुसार, कम्पनी को ऐसे सभी शेयर्स, जिन पर कि लगातार सात वर्षों या उससे अधिक अवधि से लाभांश का दावा नहीं किया गया है या लाभांश unpaid है, केन्द्रीय सरकार द्वारा स्थापित किये गये IEPF अकाउंट में हस्तांतरण आवश्यक है।

नियमों में दिये गये विविध आवश्यकताओं के पालन में, कम्पनी ने स्पीड डाक/ साधारण डाक के माध्यम से, वित्तीय वर्ष 2014-15 के लिए एवं तत्पश्चात सभी घोषित एवं कम्पनी द्वारा भुगतान किये गये लाभांश के लिए, संबंधित शेयरधारकों को जिन्होंने लाभांश को भुनाया (encashed) नहीं है एवं जिनके शेयर्स IEPF अकाउंट में हस्तांतरण करने योग्य है, व्यक्तिशः सूचित/ पत्र व्यवहार कर दिया है। कम्पनी ने निवेशक संबंध सैक्शन के अधीन अपनी वैबसाईटः www.mangalamcement.com पर IEPF अकाउंट को हस्तांतरण के लिये देय ऐसे शेयरधारकों की सूची (उनके फोलियो नं. या DP-1D- क्लाईंट ID सहित) को अपलोड कर दिया है।

शेयरधारकों से कथित पत्र व्यवहार में दर्शित अनुसार अपेक्षित दस्तावेजों को कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेन्ट को 16 सितम्बर 2022, को या इससे पूर्व, बिना दावा किये गए लाभांश राशि एवं शेयर्स के दावे के लिए अग्रेसित करने का अनुरोध किया जाता है। एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि शेयरधारक द्वारा वैद्य दावे की प्राप्ति की अनुपस्थिति में, कम्पनी, कथित नियमों की आवश्यकताओं के तद्नुरूप आगे बिना कोई सूचना के कथित शेयर्स को IEPF अकाउंट को हस्तान्तरित कर देगी।

संबंधित शेयरधारक, जिनके पास भौतिक रूप में शेयर्स हैं एवं जिनके शेयर्स IEPF अकाउंट को हस्तान्तरित किये जाने योग्य है, वह नोट करें कि कथित नियमों के अनुसार IEPF अकाउंट को शेयर्स के हस्तांतरण के उद्देश्य के लिए, मूल शेयर प्रमाणपत्र जो उनके पास है उसके बदले में कम्पनी डुप्लीकेट शेयर प्रमाण पत्र जारी करेगी एवं ऐसे मुद्दे पर मूल शेयर प्रमाणपत्र जो उनके नाम से पंजीकृत है, स्वतः निरस्त हो जायेंगे और अ-परक्राम्य (Non-negotaible) माने जायेंगे। आगे शेयरधारक नोट करें कि कम्पनी द्वारा अपनी वैबसाईट पर अपलोड किये गये विवरणों को नियमों के अनुसरण में, IEPF अकाउंट को शेयर्स के हस्तांतरण के उद्देश्य के लिए, कम्पनी द्वारा डुप्लीकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने के संबंध में पर्याप्त सूचना समझी एवं मानी जायेगी।

शेयरधारक नोट करे कि ऐसे शेयर तथा उन पर एकत्रित मय लाभ, जो कि IEPF अकाउंट में हस्तान्तरित हो गये है, उनको IEPF प्रक्रिया का अनुसरण करने के पश्चात, वापस दावा किया जा सकता है, प्रक्रिया का विवरण www.iepf.gov.in पर उपलब्ध है।

इस विषय मामले में किसी अन्य सूचना एवं स्पष्टीकरण के लिए संबंधित शेयर धारक कम्पनी अथवा कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेन्ट मैसर्स मास (Mas) सर्विसेज लि. से सम्पर्क कर सकते हैं:

| कम्पनी के सम्पर्क विवरण | रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेन्ट के सम्पर्क विवरण |
|---|---|
| दी सेक्रेटिरियल डिपार्टमेन्ट<br>मंगलम सीमेन्ट लिमिटेड<br>पी.ओ. आदित्यनगर-326520,<br>मोरक, जिला- कोटा (राजस्थान)<br>फोनः 07459-233127, फैक्सः 07459-232156<br>ईमेलः shares@mangalamcement.com | मास (Mas) सर्विसेज लिमिटेड<br>T-34, द्वितीय तल, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया,<br>फेज-II, नई दिल्ली-110 020<br>फोनः 011-26387281-83<br>फैक्सः 011-26387384<br>Email: info@masserve.com |

**स्थानः मोरक**
**दिनांकः 15.06.2022**

**कृते मंगलम सीमेंट लिमिटेड**
**ह./- मनोज कुमार**
**कम्पनी सचिव**